घोटाला | 29 ट्रकों से पहुंचा फोर्टिफाइड चावल? 'सैंपल जांच' के बाद खाली हुई मिल, अब सवालों के घेरे में पूरा नेटवर्क

# 29 ट्रकों की आवाजाही ने खोली सप्लाई चेन की पोल

**नवभारत, बालाघाट।** मध्यप्रदेश के बहुचर्चित सरकारी चावल की कथित हेराफेरी मामले में जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है, वैसे-वैसे नए सवाल सामने आ रहे हैं। अब जांच के केंद्र में गोंदिया जिले की खंडेलवाल राइस मिल पहुंचा फोर्टिफाइड चावल, 29 ट्रकों की आवाजाही, वर्ष 2025-26 की कस्टम मिलिंग के चावल और सरकारी एजेंसियों की कथित भूमिका को लेकर सवाल उठ रहे हैं।

मामले में सामने आई जानकारी के अनुसार, खंडेलवाल बंधुओं की राइस मिल में 29 ट्रकों के जरिए फोर्टिफाइड चावल पहुंचने की बात सामने आई है। बताया जा रहा है कि मिल संचालक जुगल किशोर खंडेलवाल ने चावल के सैंपल की जांच के बाद ट्रकों को खाली करने के निर्देश दिए थे।

यदि यह जानकारी जांच में सही साबित होती है, तो सबसे बड़ा सवाल यह होगा कि एथेनॉल प्लांट के लिए भेजा गया चावल राइस मिल तक कैसे पहुंचा और उसे मिल में उतारने से पहले उसकी गुणवत्ता जांचने की आवश्यकता क्यों पड़ी?

यह पूरा मामला अब केवल चावल की कथित हेराफेरी तक सीमित नहीं दिख रहा, बल्कि सरकारी खरीद, कस्टम मिलिंग, एफसीआई सप्लाई, परिवहन और एथेनॉल प्लांट तक चावल पहुंचाने की पूरी व्यवस्था की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रहा है।

जांच से जुड़ी जानकारी के अनुसार, खंडेलवाल राइस मिल में 29 ट्रकों के माध्यम से फोर्टिफाइड चावल पहुंचने की बात सामने आई है। कुछ लोगों के बयान भी जांच टीम द्वारा दर्ज किए जाने की जानकारी है, जिनमें सीडब्ल्यूसी गोदाम गड़े से चावल भरकर खंडेलवाल राइस मिल तक पहुंचाने की बात कही गई है।

पुलिस द्वारा दर्ज किए गए बयानों में प्रवेश कुमार डायरे, विकास कुथे, चिरंजीव, सौरभ उर्फ गोल्डी, राजा उर्फ हंसराज, नीलेश डायरे, मोहित आमाडारे, विक्की उर्फ मयूर डुंभरे और बंटी उर्फ निकेश सहित अन्य लोगों से



पूछताछ किए जाने की बात सामने आई है।

अब जांच का अहम बिंदु यह है कि यदि चावल एथेनॉल प्लांट के लिए निर्धारित था, तो वह गोंदिया स्थित राइस मिल तक कैसे पहुंचा? क्या परिवहन दस्तावेजों में भी यही गंतव्य दर्ज था या रास्ते में खेप का कथित रूप से डायवर्जन किया गया?

इन सवालों के जवाब ही यह तय करेंगे कि मामला केवल परिवहन स्तर की गड़बड़ी था या इसके पीछे कोई बड़ा नेटवर्क काम कर रहा था।

जांच के दौरान संचेती राइस मिल, वारासिवनी से करीब 2,000 खाली बोरे जब्त किए जाने की जानकारी सामने आई थी। इनमें से कुछ बोरों पर वर्ष 2025-26 की कस्टम मिलिंग से संबंधित एफसीआई स्टेंसिल पाए जाने की बात कही जा रही है।

बताया गया है कि इन बोरों का संबंध अंबिका राइस इंडस्ट्रीज, अंबिका एग्रो, जानकी राइस मिल और गंगा इंडस्ट्रीज सहित कुछ अन्य मिलों से होने की जांच की जा रही है।

वहीं, अंबिका राइस मिल के संचालक विनोद राहंगडाले के कथित बयान के अनुसार, उनकी मिल में तैयार चावल केवल सरकारी संस्थाओं में जमा किया जाता है। ऐसे में जांच एजेंसियों के सामने यह सवाल है कि यदि 2025-26 की कस्टम मिलिंग से जुड़े बोरे दूसरी जगह मिले, तो उनकी वास्तविक आवाजाही क्या थी और वे किस खेप के साथ जुड़े थे?

यहां एक महत्वपूर्ण बिंदु यह भी है कि किसी बोरे पर एफसीआई स्टेंसिल पाए जाना अपने आप में अवैधता का प्रमाण नहीं है। इसकी वास्तविक स्थिति परिवहन रिकॉर्ड, स्टॉक रजिस्टर, डिस्पैच दस्तावेज, जीपीएस रिकॉर्ड और अन्य साक्ष्यों के मिलान के बाद ही स्पष्ट हो सकती है।

मामले में अब जांच केवल ट्रकों और राइस मिलों तक सीमित नहीं रह गई है। एसआईटी द्वारा जब्त दस्तावेजों, स्टॉक रजिस्टर, परिवहन रिकॉर्ड और वित्तीय लेनदेन की जांच किए जाने की जानकारी है।

कुछ रिकॉर्ड में कथित रूप से व्हाइटनर के इस्तेमाल से प्रविष्टियां बदलने या छिपाने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, इस संबंध में अंतिम निष्कर्ष फोरेंसिक और दस्तावेजी जांच के बाद ही सामने आ सकता है।

# भावुक माहौल में कलेक्टर मृणाल मीना को दी गई विदाई, अधिकारियों ने सराहा दो वर्षों का कार्यकाल

**नवभारत, बालाघाट।** राज्य शासन द्वारा बालाघाट कलेक्टर श्री मृणाल मीना का स्थानांतरण छतरपुर जिले के कलेक्टर पद पर किए जाने के बाद गुरुवार 30 जुलाई को जिला मुख्यालय में उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। आयोजित विदाई समारोह में प्रशासन, पुलिस, वन एवं विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने श्री मीना के नेतृत्व, कार्यशैली और जिले के विकास में उनके योगदान की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।




समारोह में बालाघाट रेंज के पुलिस महानिरीक्षक श्री ललित शाक्यवार, पुलिस उप महानिरीक्षक श्री विनीत जैन, पुलिस अधीक्षक श्री आदित्य मिश्रा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ, अपर कलेक्टर श्री जी.एस. धुर्वे एवं श्री डी.पी. बर्मन, वन मंडलाधिकारी श्री नित्यानंदम एल एवं श्री रेशम सिंह धुर्वे, संयुक्त कलेक्टर श्री राहुल नायक, श्री मायाराम कोल, श्री विजय यादव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री भार्गव एवं श्री निहित उपाध्याय, नगर पुलिस अधीक्षक श्री मयंक तिवारी, एसडीएम श्री अर्पित गुप्ता, श्री कार्तिकेय जायसवाल, श्री श्रीश प्यासी, श्री आदित्य नारायण तिवारी, श्री गोपाल सोनी, श्री कमल सिंहसार, सभी तहसीलदार, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

अपने संबोधन में पुलिस महानिरीक्षक श्री ललित शाक्यवार ने कहा कि श्री मृणाल मीना ने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों वाले बालाघाट जिले में लगभग दो वर्षों तक उत्कृष्ट सेवाएं देते हुए जिले को नई पहचान दिलाई। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि श्री मीना छतरपुर जैसे महत्वपूर्ण जिले में भी अपनी कार्यकुशलता का उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे।

पुलिस उप महानिरीक्षक श्री विनीत जैन ने कहा कि श्री मीना का बालाघाट से जाना जिले के लिए निश्चित रूप से क्षति है, लेकिन छतरपुर जिले के लिए यह सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि कठिन और चुनौतीपूर्ण कार्यों को सफलतापूर्वक पूरा करना श्री मीना की विशेषता रही है और वे नई जिम्मेदारियों का भी उसी दक्षता से निर्वहन करेंगे।

पुलिस अधीक्षक श्री आदित्य मिश्रा ने कहा कि श्री मृणाल मीना के कार्यकाल में बालाघाट ने नक्सलवाद से मुक्ति की दिशा में ऐतिहासिक सफलता प्राप्त की। उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि में सुरक्षा बलों के साथ-साथ कलेक्टर श्री मीना की दूरस्थ और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास कार्यों को प्राथमिकता देने वाली सोच का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## एक नजर में

### राष्ट्रीय नेत्र ज्योति अभियान के अंतर्गत अगस्त माह में 14 नेत्र शिविरों का आयोजन

**बालाघाट।** राष्ट्रीय अंधत्व नियंत्रण कार्यक्रम के तहत माह अगस्त 2026 में जिले के विभिन्न स्थानों पर 28 नेत्र शिविरों का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर स्वयं सेवी संस्था दादा वीरेन्द्र पूरी (देवजी नेत्रालय) संस्थान जोतपुर तिलवाराघाट जबलपुर के सहयोग से जिले के सिविल अस्पताल एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में आयोजित किये जाएंगे। प्रत्येक शिविर में मोतियाबिंद आपरेशन के लिए 100 मरीजों को चिन्हित करने का लक्ष्य रखा गया है। शिविर में चिन्हित मरीजो का आपरेशन देव नेत्रालय जबलपुर में किया जाएगा एवं मरीजों को देव नेत्रालय ले जाने एवं वापस लाने की व्यवस्था व जवाबदारी देवजी नेत्रालय संस्था जबलपुर की रहेगी। मोतियाबिंद के मरीजों की आंखो का आपरेशन नि:शुल्क किया जाएगा।

### सांप के डसने पर झाड़-फूंक नहीं, तत्काल अस्पताल पहुंचाएं मरीज

**बालाघाट।** वर्षा ऋतु के आगमन के साथ ही जिले में सांप निकलने और सर्पदंश की घटनाओं में वृद्धि होने लगती है। खेतों, घरों के आसपास, लकड़ी एवं घास-फूस के ढेरों तथा जलभराव वाले क्षेत्रों में सांपों की गतिविधियां बढ़ जाती हैं। ऐसे समय में लोगों को विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है। स्वास्थ्य विभाग ने आमजन से अपील की है कि सांप के काटने की स्थिति में किसी भी प्रकार के तंत्र-मंत्र, झाड़-फूंक या अंधविश्वास के चक्कर में न पड़ें, बल्कि मरीज को तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुंचाएं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ परेश उपलप ने बताया कि सर्पदंश के बाद समय पर उचित चिकित्सा उपचार मिलने से अधिकांश मरीजों की जान बचाई जा सकती है। सांप के काटने के बाद कई लोग पंडा-पुजारी, ओझा-गुनिया अथवा झाड़-फूंक कराने में कीमती समय गंवा देते हैं, जिसके कारण मरीज की स्थिति गंभीर हो सकती है। चिकित्सा विज्ञान के अनुसार एंटी स्नेक वेनम (एएसवी) ही सर्पदंश का प्रभावी और प्रमाणित उपचार है।डॉ उपलप ने बताया कि बालाघाट जिले के जिला अस्पताल सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं दूरस्थ क्षेत्रों के कई अस्पतालों में भी एंटी स्नेक वेनम का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध कराया गया है, ताकि जरूरत पड़ने पर मरीजों को तत्काल उपचार मिल सके।

# मॉयल के नए निदेशक के लिए रविन्द्र गट्टूवार का चयन, कर्मचारियों में खुशी की लहर

**नवभारत, बालाघाट।** भारत सरकार के मिनीरत्न सार्वजनिक उपक्रम मॉयल लिमिटेड में निदेशक (उत्पादन एवं योजना) पद के लिए आयोजित चयन प्रक्रिया में महाप्रबंधक (माइनिंग), मलाजखंड कॉपर प्रोजेक्ट में कार्यरत रविन्द्र गट्टूवार का चयन किया गया है। इस महत्वपूर्ण पद के लिए विभिन्न सार्वजनिक उपक्रमों से कुल 12 वरिष्ठ अधिकारियों ने अपनी दावेदारी प्रस्तुत की थी, जिनमें से श्री गट्टूवार का चयन उनकी उत्कृष्ट प्रशासनिक क्षमता, तकनीकी अनुभव और खनन क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के आधार



पर किया गया।

रविन्द्र गट्टूवार इससे पूर्व लगभग 12 वर्षों तक मॉयल लिमिटेड में विभिन्न महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर चुके हैं। उनके कार्यकाल के दौरान उत्पादन वृद्धि, आधुनिक खनन तकनीकों के उपयोग तथा संचालन व्यवस्था को बेहतर बनाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। खनन क्षेत्र में उनके लंबे अनुभव और नेतृत्व क्षमता को देखते हुए उनके चयन को मॉयल के लिए एक सकारात्मक कदम माना जा रहा है।

उनके चयन की खबर मिलते ही मॉयल लिमिटेड के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं कामगारों में खुशी की लहर दौड़ गई। भरवेली, बालाघाट सहित मॉयल की विभिन्न इकाइयों से जुड़े कर्मचारियों ने इसे संस्थान के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताते हुए श्री गट्टूवार को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

कर्मचारियों का मानना है कि श्री गट्टूवार के नेतृत्व में मॉयल लिमिटेड उत्पादन, योजना निर्माण और तकनीकी नवाचार के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा। उनके अनुभव का लाभ न केवल कंपनी के संचालन को मिलेगा, बल्कि भविष्य की विकास योजनाओं को भी नई दिशा मिलेगी। मॉयल परिवार ने उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना करते हुए विश्वास व्यक्त किया है कि उनके नेतृत्व में कंपनी निरंतर प्रगति के नए आयाम स्थापित करेगी।

# तहसील इकाई लामता ने अमर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**नवभारत, लामता।** नेशनल एंटी क्रॉप्शन एंड ऑपरेशन कम्पीटी ऑफ इंडिया, तहसील इकाई लामता एवं पत्रकार साथियों द्वारा शुक्रवार 31.07.2026 को लामता थाना परिसर स्थित शहीद स्मारक पर देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर अमर शहीदों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

श्रद्धांजलि कार्यक्रम के दौरान वर्ष 2000 में नक्सली मुठभेड़ में शहीद हुए स्वर्गीय रक्षित शुक्ला एवं आरक्षक स्वर्गीय कोमल चौधरी को पुष्पांजलि अर्पित कर उनके अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा



और राष्ट्र सेवा को नमन किया गया। उपस्थित सभी लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की।

इस अवसर पर लामता थाना प्रभारी जितेन्द्र चौहान ने शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहा कि शहीदों का बलिदान सदैव देशवासियों को राष्ट्रभक्ति, कर्तव्यपरायणता और सेवा की प्रेरणा देता रहेगा।

लामता थाना प्रभारी जितेन्द्र चौहान, नंदकिशोर असाटी, प्रदीप जैन, सुशील कोचर, धनेश कुमार, सीतेश असाटी, शिवम असाटी, अतुल अग्रवाल, शुभम असाटी सहित नेशनल एंटी क्रॉप्शन एंड ऑपरेशन कम्युनिटी ऑफ इंडिया के सदस्य एवं पत्रकार साथी उपस्थित रहे ।

# गुरु पूर्णिमा पर पूर्व छात्रों ने दी छात्रवृत्तियों की सौगात

**नवभारत, बालाघाट।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय, बालाघाट में आयोजित समारोह में वर्ष 1981 बैच के पूर्व छात्र श्री थान सिंह नाहर ने अपने पिता स्वर्गीय श्री लक्ष्मीचंद नाहर की स्मृति में कक्षा 10वीं एवं 12वीं के मेधावी विद्यार्थियों के लिए 44 हजार रुपए वार्षिक छात्रवृत्ति का वितरण किया।

समारोह की मुख्य अतिथि विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती मोनिका पटेल थीं। इस अवसर पर सेवानिवृत्त जिला शिक्षा



अधिकारी श्री अश्विनी कुमार उपाध्याय सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं पूर्व छात्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम में श्री विनोद नेमा ने स्वर्गीय अधिवक्ता श्री एम.पी. राव की स्मृति में लगभग 12.80 लाख रुपए की एफडी विद्यालय को समर्पित करने की घोषणा की, जिसके ब्याज से प्रतिवर्ष लगभग 85 हजार की छात्रवृत्ति प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रदान की जाएगी। वहीं पूर्व छात्र श्री कमलेश सिंह ने कक्षा 10वीं एवं 12वीं की सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं के लिए क्रमशः 3,500 रुपए एवं 05 हजार रुपए की वार्षिक प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की।

# तिरोड़ी में 1 करोड़ रुपए की सरकारी जमीन हुई मुक्त

**25 साल पुराना कब्जा हटा, तहसीलदार की मौजूदगी में कार्रवाई**

**नवभारत कटंगी 31 जुलाई।** कटंगी जनपद पंचायत की तिरोड़ी पंचायत में प्रशासन ने 25 साल पुराने अतिक्रमण पर बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 1 एकड़ सरकारी जमीन को मुक्त कराया है। इस जमीन का अनुमानित बाजार मूल्य करीब 1 करोड़ रुपए बताया जा रहा है। तिरोड़ी तहसीलदार गीता राहंगडाल* की मौजूदगी में गुरुवार को यह कार्रवाई की गई। इस दौरान पटवारी और पंचायत प्रतिनिधि भी मौके पर मौजूद रहे। राजस्व टीम ने बुलडोजर चलाकर सरकारी जमीन से अवैध कब्जा हटाया।

### क्या है पूरा मामला

तिरोडी के निवासी मायल कर्मी राजेंद्र नायक ने इस सरकारी जमीन पर वर्षों से कब्जा कर रखा था। 2 साल पहले भी इसे खाली करने के आदेश जारी किए गए थे, लेकिन उसने कब्जा नहीं छोड़ा था। इसके बाद पंचायत ने तहसीलदार से शिकायत कर सख्त कदम उठाने की मांग की थी।

### ग्रामीणों की मांग

विदित हो कि तिरोडी में कुछ रसूखदारों लोगों ने सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर मकान बना रहे हैं और गरीब भूमि हिन लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत जमीन के पट्टे नही मिल रहे। जनता ने मांग की है कि ऐसे लोगों पर भी कार्यवाही कर उक्त जमीन गरीबों को मकान बनाने आवंटित की जाये।


### बुलडोजर चलाकर खाली कराई जमीन

तहसीलदार गीता राहंगडाले ने बताया कि पंचायत की शिकायत के बाद गुरुवार को बुलडोजर चलाकर जमीन को खाली कराया गया। अतिक्रमणकारी ने 10×10 फीट के एक कमरे को खुद हटाने के लिए 1 हफ्ते का समय मांगा है। तहसीलदार ने साफ कर दिया है अगर तय समय में निर्माण नहीं हटाया गया, तो प्रशासन उसे भी तोड़ देगा। खाली कराई गई जमीन को अब पंचायत को सौंपने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

# बडपानी गोरे घाट सड़क पर दिन में दिखा बाघ

**ग्रामीणों में दहशत, पहले भी कर चुका है हमला, वन विभाग ने बढ़ाई गश्त**

**नवभारत कटंगी 31 जुलाई।** पठार अंचल के बडपानी गोरे घाट सड़क पर दिन में बाघ दिखाई देने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। जानकारी के अनुसार गुरुवार को बडपानी गोरे घाट सड़क मार्ग पर एक बाघ को खुलेआम घूमते देखा गया। इसे देखकर आसपास के ग्रामीणों में डर का माहौल बन गया।



स्थानीय लोगों का कहना है कि इस क्षेत्र में पहले भी बाघ पालतू पशुओं के साथ-साथ ग्रामीणों को भी अपना शिकार बना चुका है। इसी वजह से बाघ को दिन में देखे जाने के बाद लोग अपने घरों से बाहर निकलने में डर रहे हैं।

### वन विभाग अलर्ट

घटना की सूचना मिलते ही वन अमले ने क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी है। वन अधिकारी बाघ की लोकेशन पर लगातार नजर रख रहे हैं। लोगों को जंगल के पास अकेले न जाने और सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

### कृषि कार्य हो रहा प्रभावित

वर्तमान में क्षेत्र में कृषि कार्य प्रारंभ हो गया है। जंगल से लगा हुआ यह क्षेत्र होने के कारण ग्रामीण अपने खेतों में काम करने जाते हैं। वन्य प्राणी के दिखने से किसान भी डरे हुए हैं। वन विभाग के अनुसार इस क्षेत्र में पहले भी वन्य प्राणी देखे जा चुके हैं। वन विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि बाघ दिखने पर तुरंत वन विभाग को सूचना दें और अफवाहों पर ध्यान न दें।

# भीमगढ़ बांध के दो गेट खुले, वैनगंगा नदी का जलस्तर बढ़ने की संभावना

**वैनगंगा नदी के तटीय क्षेत्र के लोगों से सतर्कता बरतने की अपील**

**नवभारत, बालाघाट।** सिवनी जिले में स्थित संजय सरोवर परियोजना (भीमगढ़ बांध) का जलस्तर निर्धारित स्तर के करीब पहुंचने पर अतिरिक्त जल निकासी के लिए शुक्रवार 31 जुलाई को सुबह 11:30 बजे बांध के दो गेट खोले गये हैं। जिसके कारण वैनगंगा नदी में जलस्तकर बढ़ने की संभावना है। बालाघाट जिला प्रशासन ने वैनगंगा नदी के किनारे रहने वाले लोगों से सतर्क रहने और नदी के आसपास अनावश्यक आवाजाही से बचने की अपील की है।



कार्यपालन यंत्री, तिलवारा बांयी तट नहर संभाग, केवलारी द्वारा जारी सूचना के अनुसार भीमगढ़ बांध के गेट क्रमांक 5 एवं 6 को एक-एक मीटर तक खोला जाएगा। दोनों गेटों से कुल 265 क्यूमेक्स (9,340 घनफीट प्रति सेकंड) की दर से अतिरिक्त पानी वैनगंगा नदी में छोड़ा जाएगा। वर्तमान में भीमगढ़ बांध का जलस्तर 516.85 मीटर दर्ज किया गया है और जलस्तर को नियंत्रित करने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया है। बांध से पानी छोड़े जाने के कारण वैनगंगा नदी का जलस्तर बढ़ने की संभावना को देखते हुए बालाघाट जिला प्रशासन ने नदी तटीय क्षेत्रों एवं निचले इलाकों में रहने वाले नागरिकों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है। लोगों से आग्रह किया गया है कि वे नदी में प्रवेश न करें तथा अनावश्यक रूप से नदी किनारे या जलभराव वाले क्षेत्रों में जाने से बचें। बालाघाट जिला प्रशासन ने संबंधित विभागों और स्थानीय प्रशासन को सुरक्षा एवं निगरानी के समुचित इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। किसी भी आपात स्थिति में सहायता के लिए नागरिक कलेक्ट्रेट कार्यालय बालाघाट के कंट्रोल रूम के दूरभाष नंबर 07632-240102 पर संपर्क कर सकते हैं।

शिकायत | विधायक विवेक पटेल टीआई से बोले- ईमानदारी से काम करें, अपराधी पकड़े

# पुलिस नहीं कर रही चोरी की एफआईआर, विधायक को साथ लेकर थाने पहुंचे पीड़ित

**नवभारत, वारासिवनी।** नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 16 जुलाई से लेकर 29 जुलाई के बीच तीन बड़ी चोरियों की वारदात ने लोगों को डरा दिया है।बावजूद इसके पुलिस चोरियों की एफआईआर नहीं कर रही है। जिससे पीड़ित नाराज है।29 जुलाई को वॉर्ड नंबर 1 मिश्रा नगर निवासी डॉक्टर योगेन्द्र राहंगडाले के यहां 12 लाख रुपयों से ज्यादा के जेवरात और नगद 2 लाख रूपए की चोरी की घटना के दो दिन बाद भी पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की।जिससे परेशान डॉ.दंपत्ति ने इसकी शिकायत विधायक विवेक पटेल से की।जिसके बाद विधायक विवेक पटेल स्वयं पीड़ित परिवार को साथ लेकर वारासिवनी थाना पहुंचे।और थाना प्रभारी को पीड़ित की एफआईआर लिखने के निर्देश



दिए।वहीं थाना प्रभारी अनूप कुमार उईके ने विधायक विवेक विक्की पटेल को आश्वस्त किया कि बहुत जल्द इनकी शिकायत दर्ज कर ली जायेगी।

पीड़ित डॉक्टर योगेन्द्र राहंगडाले ने बताया कि 29 जुलाई को हुई चोरी की सूचना वारासिवनी पुलिस को दी गई थी।जिसके बाद पुलिस,डॉग स्कॉड और फिंगर प्रिंट की टीम ने घटनास्थल की जांच की।लेकिन पुलिस ने कोई एफआईआर नहीं की।पुलिस बोल रही थी।कि पूरी जांच के बाद एफआईआर की जाएगी।जिसके बाद मैने आज मामले को लेकर विधायक से मुलाकात कर उन्हें घटना से अवगत कराया है।विधायक ने पुलिस को मामले में कार्रवाई करने की बात कही है।शहर में इतनी चोरियां हो रही है लेकिन पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है।पुलिस चोरी की रिपोर्ट दर्ज नहीं कर रही है।अब आम जनता का धीरे धीरे पुलिस के प्रति विश्वास खत्म होता जा रहा है।जब पुलिस ही आम जनता की सुरक्षा नहीं कर सकती है।जो आम लोग कैसे उन्हें सपोर्ट करेंगे।

विधायक विवेक पटेल ने बताया कि यह चिंतनीय है कि एक माह के भीतर तीन बड़ी चोरियां हो गई।चोरी मामले में एफआईआर नहीं करने की जानकारी के बाद हमने एसडीओपी और थाना प्रभारी से मुलाकात कर उन्हें कहा कि पुलिस चोरियों के मामले में कार्रवाई करें।ताकि आरोपी पकड़े जाए।और लोगों में डर खत्म हो।हमने पुलिस ने कहा है कि वह अन्य काम के साथ ही शहर में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत हो।शहर में गश्त बढ़ाए,ताकि अपराधियो पर पुलिस का डर बना रहे।


Government of Madhya Pradesh
DEPARTMENT OF HIGHER EDUCATION,
P.M.C.O.E. GOVERNMENT JATA SHANKAR TRIVEDI
POST GRADUATE COLLEGE, BALAGHAT, (MP).
E-mail:hegjtcbal@mp.gov.in

P.M.C.O.E. GOVERNMENT JATA SHANKAR TRIVEDI POST GRADUATE COLLEGE, BALAGHAT, (MP),
DEPARTMENT OF HIGHER EDUCATION GOVERNMENT OF MADHYA PRADESH
invites Request for Bid for Procurement of Goods- Supply, Installation, Testing, Commissioning of ICT Equipments on turnkey basis bid proposal to college.Interested bidders are requested to view the mptender.gov.in e-Portal for the Bid information from 30-07-2026 onwards.
Last date of Submission on 21-08-2026. BID for ICTE quipments
Tender Notice - NIT No : 2026_HED_525702_1
RFQ No : 2653/ICTEQUIPMENT
Principal
P.M.C.O.E. GOVERNMENT JATA SHANKAR TRIVEDI
POST GRADUATE COLLEGE, BALAGHAT, (MP).